# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

3 फरवरी 2025, सोमवार

**<u>केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा दिल्ली की जंगपुरा, बिजवासन एवं द्वारका विधानसभा में आयोजित जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु</u>**

**दिल्ली को भ्रष्टाचार, कूड़ा-कचरा और गंदा पानी देने वाली आप-दा सरकार का 8 फरवरी को जाना तय है**

**************

**नई दिल्ली की सीट से बड़े मियाँ अरविंद केजरीवाल और जंगपुरा सीट से छोटे मियाँ मनीष सिसोदिया चुनाव हारने वाले हैं**

**************

**प्रदूषण, भ्रष्टाचार और कूड़ा मुक्त दिल्ली का सपना दिखाकर अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को ठगने का काम किया**

**************

**दिल्ली वाले अरविंद केजरीवाल द्वारा बनाये गए वर्ल्ड क्लास ड्रेनेज सिस्टम, वर्ल्ड क्लास स्कूल, स्पोर्ट यूनिवर्सिटी, लंदन वाली सड़के ढूंढ रहे हैं**

**************

**भ्रष्टाचार खत्म करने की बात करके सत्ता में आये अरविंद केजरीवाल खुद भ्रष्टाचार की मूर्ति बन गए और शराब घोटाला कर बड़े मियाँ और छोटे मियाँ दोनों जेल गए**

**************

**मनीष सिसोदिया देश के इकलौते शिक्षा मंत्री हैं जो शराब घोटाले में जेल गए**

**************

**10 वर्षों में अरविंद केजरीवाल ने झूठ, बहानेबाजी और झगड़े के अलावा दिल्ली को कुछ नहीं दिया, बहाने बनाना केजरीवाल की फितरत है**

**************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने सोमवार को जंगपुरा, बिजवासन और द्वारका विधानसभा में जनसभाओं को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल में हुए घोटालों की कड़ी आलोचना की। श्री शाह ने अरविंद केजरीवाल द्वारा बनाए गए "शीशमहल" को जनता के पैसों की बर्बादी करार देते हुए इसे जनता के साथ विश्वासघात बताया और 5 फरवरी को दिल्ली की जनता से आम आदमी पार्टी को सबक सिखाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष श्री वीरेंद्र सचदेवा, केंद्रीय मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा, सासंद श्रीमती कमलजीत सेहरावत, सांसद श्री विवेक ठाकुर, सांसद श्री सतीश गौतम, जंगपुरा प्रत्याशी श्री तरविंदर सिंह मारवाह, बिजवासन प्रत्याशी श्री कैलाश गहलोत, पालम प्रत्याशी श्री कुलदीप सोलंकी और द्वारका प्रत्याशी श्री प्रद्युम्न राजपूत सहित पार्टी के अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि जब मैं भारतीय जनता पार्टी का महासचिव था, यहीं जंगपुरा के एक फ्लैट में रहता था। जंगपुरा आकर मुझे घर आने जैसा प्रतीत होता है। इस बार जंगपुरा सहित पूरी दिल्ली के लोग मिलकर दिल्ली से आप-दा को खत्म कर देंगे। **पिछले 10 सालों में केजरीवाल और इनके चट्टे-बट्टों ने अनेक वादे किए, मगर दिल्ली को भ्रष्टाचार, कूड़ा-कचरा, जहरीला पानी और तुष्टीकरण दिए। केजरीवाल और उनकी**

**टीम ने दिल्ली को धोखा दिया है।** कनेक्टिविटी के नाम पर ऐसी सड़के दी है कि मालूम ही नही चलता सड़क पर गड्ढा है या फिर गड्ढो में सड़के है। **बारिश में आधी दिल्ली की सड़कों का हाल तालाब की तरह हो जाता है। अरविंद केजरीवाल ने अपने किए हर वादे को तोड़ा है। इसी कारण आम आदमी पार्टी के 50% से ज्यादा विधायकों के टिकट बदले गए और कितने ही पार्टी छोड़ गए।** अरविंद केजरीवाल की पार्टी में भगदड़ भी है, क्योंकि उन नेताओ को मालूम चल गया है आम आदमी पार्टी की नाव अब डूबने वाली है। **8 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम में अरविंद केजरीवाल स्वयं चुनाव हार जाएंगे।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह ने कहा कि **आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया भी पटपड़गंज से भागकर जंगपुरा में चुनाव लड़ने आए हैं।** मनीष सीसोदिया ने पटपड़गंज के लोगों को बहुत से झूठे वादे किए और अब उन्हें लगता है कि वो जंगपुरा के लोगों को भी अपने झूठे वादों से फुसला लेंगे। मनीष सिसोदिया को दिल्ली के हर कोने में लोग जानते हैं, क्योंकि **दिल्ली में 10 साल तक उपमुख्यमंत्री रहते हुए मनीष सिसोदिया ने मंदिर, गुरुद्वारे और स्कूलों के पास शराब की दुकाने खुलवायी। सिसोदिया पूरे देश के एक मात्र ऐसे शिक्षा मंत्री हैं, जो शराब घोटाला करने के लिए जेल गए। शिक्षा मंत्री का कार्य होता है, विद्यार्थियों को शिक्षा देना, स्कूल-कॉलेज का निर्माण करना और शिक्षकों का कल्याण करना। मगर मनीष सिसोदिया ने यह सब काम छोड़ कर, गली-गली में शराब की दुकाने खोलने का काम किया।** जंगपुरा के लोग मनीष सिसोदिया के वादों पर विश्वास नहीं करते, क्योंकि यह पटपड़गंज के लोगों को धोखा देकर आए हैं। **आप के बड़े मियां और छोटे मियां की जोड़ी ने दिल्ली को ठगने का काम किया है।** दिल्ली की जनता इस बार इन्हें ऐसा सबक सिखाएगी, कि ये लोग कहीं भी झूठा वादा करने से डरेंगे।

श्री शाह ने कहा कि **भाजपा प्रत्याशी जमीन से जुड़ा व्यक्तित्व वाला व्यक्ति है, जबकि आम आदमी पार्टी के मनीष सिसोदिया धोखा देने में माहिर हैं। आम आदमी पार्टी हर दिन भाजपा को गाली देने और दो झूठे वादे करने वाली पार्टी है, लेकिन उनके वादे कभी पूरे नहीं होते। वहीं, भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करती है**, **"मोदी जी की गारंटी मतलब पत्थर पर लकीर।"** 2014 में भाजपा ने आतंकवाद को समाप्त करने का वादा किया था। 2014 से पहले पाकिस्तान के आतंकवादियों को कांग्रेस पार्टी की आदत थी, वे भारत में घुसकर हमले करते और आसानी से पाकिस्तान लौट जाते थे। 2014 में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बने, तब उरी और पुलवामा हमले हुए। तब, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने पाकिस्तान में घुसकर एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकवादियों का सफाया करने का काम किया है। इसी तरह, 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद समाप्त कर दिया जाएगा। **भाजपा ने कश्मीर से धारा 370 हटाने का संकल्प लिया था,** लेकिन अरविंद केजरीवाल, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी समेत कई नेताओं ने दावा किया था कि ऐसा करने पर खून की नदियां बहेंगी। लेकिन **5 अगस्त 2019 को मोदी जी ने धारा 370 को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया, और खून की नदियां तो दूर, कोई कंकड़ तक उठाने की हिम्मत नहीं कर पाया। यह भाजपा शासन का ही असर है कि आज कश्मीर भारत माता का मुकुट मणि बन चुका है।**

श्री शाह ने कहा कि **आज कश्मीर में हालात बदल चुके हैं, अब 2 करोड़ 80 लाख लोग पर्यटन के लिए वहां जाते हैं। जिस लाल चौक पर पहले तिरंगा तक नहीं फहराया जाता था, वहां अब कृष्ण जन्माष्टमी पर यात्रा निकाली जाती है।** भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर बनाने का वादा किया था, लेकिन राहुल गांधी मजाक उड़ाते थे कि "मंदिर वहीं बनाएंगे, लेकिन तिथि नहीं बताएंगे।" **70 साल तक कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी ने राम मंदिर के लिए कुछ भी नहीं किया। 550 सालों तक राम लला टेंट में रहे, लेकिन आदरणीय मोदी जी ने सिर्फ 5 ही वर्षों में केस भी जीता, भूमि पूजन भी किया और भव्य राम मंदिर बनवाकर भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा भी करवाई।** आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार है, और राम लला अपने मंदिर में पूरे वैभव के साथ विराजमान हैं। दूसरी तरफ, **अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने शराब की दुकानें बंद करने का वादा किया था, लेकिन नहीं हटाईं। यमुना को साफ करने और उसमें डुबकी लगाने का दावा किया था, लेकिन वह भी पूरा नहीं किया।** जब भाजपा कार्यकर्ताओं ने

उनके कटआउट को यमुना में डुबकी लगवाई, तो पता चला कि यमुना का पानी इतना गंदा है कि कटआउट को भी एम्स के आईसीयू में भर्ती करवाना पड़ा। अरविंद केजरीवाल ने यमुना को साफ नहीं किया, लेकिन भाजपा वादा करती है कि सरकार बनने के बाद 3 वर्षों में ही यमुना नदी पर रिवर फ्रंट तैयार किया जाएगा। **देशभर में 60 करोड़ लोगों को मोदी सरकार की आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है, लेकिन केजरीवाल ने दिल्ली में इसे लागू नहीं होने दिया। भाजपा सरकार बनने के बाद इस योजना को दिल्ली में लागू कर सभी को 10 लाख रुपए तक की मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा दी जाएंगी।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह ने कहा कि **अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को प्रदूषण मुक्त, करप्शन मुक्त और कूड़ा मुक्त बनाने का वादा किया था, लेकिन कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ, उल्टा दिल्ली में कूड़े के ढ़ेर लग गए।** दिल्ली के अंदर 50 हजार गज में किसी का घर नहीं होगा, पर जो 2013 में मुख्यमंत्री बनने के बाद घर, गाड़ी और सुरक्षा न लेने की बात कर रहे थे, उन्होंने न सिर्फ गाड़ी और सुरक्षा ली, बल्कि एक बंगला भी ले लिया और जब एक बंगले से संतुष्ट नही हुए, तो चार बंगलों को तोड़कर खुद के लिए **50 हजार गज में शीशमहल** बनवा लिया। किसी आम व्यक्ति के घर में डिजाइनर मार्बल, रिमोट से चलने वाले पर्दे, ताली बजाकर जलने वाली लाइटें, सोने का टॉयलेट, 50 लाख रुपये का कालीन, 15 करोड़ रुपये का वॉटर प्यूरीफाइंग सिस्टम और 10 लाख रुपये का रिक्लाइनर सोफा नहीं होगा, लेकिन ये सारी सुख-सुविधाएं अरविंद केजरीवाल के शीशमहल में मौजूद हैं। **52 करोड़ रुपये से बनाया गया केजरीवाल का शीशमहल दिल्ली की आम जनता के पैसों से तैयार हुआ है। केजरीवाल के शीशमहल पर जनता का पैसा बर्बाद किया गया, जिसे आम जनता अंदर जाकर नहीं देख सकती, लेकिन भाजपा जनता को यह शीशमहल दिखाने का भरोसा दिलाती है।**

श्री शाह ने कहा कि **अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़कर आए थे और अन्ना हजारे जब तक महाराष्ट्र पहुंचे भी नहीं थे, तब तक केजरीवाल ने अपनी पार्टी बना ली। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम भ्रष्टाचार नहीं करेंगे, मगर हजारों-करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार किया।** आज भी दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल का वर्ल्ड क्लास सीवर सिस्टम, ड्रेनेज सिस्टम, वर्ल्ड क्लास स्कूलों, सोपर्ट्स यूनिवर्सिटी और लंदन की सड़कों को ढूंढ रही है। **"आप" के छोटे मियां और बड़े मियां शराब घोटाले में जेल गए**। आप सरकार ने 28 हजार 400 करोड़ रुपये का जल बोर्ड घोटाला, 5600 करोड़ रुपये का राशन वितरण घोटाला, 4500 करोड़ रुपये का डीटीसी बस घोटाला, 1300 करोड़ रुपये का क्लासरूम घोटाला, 500 करोड़ रुपये का पैनिक बटन घोटाला, 571 करोड़ रुपये का सीसीटीवी कैमरा घोटाला, वक्फ की 100 करोड़ रुपये की संपत्ति बेचने का घोटाला, 65 हजार फर्जी टेस्ट घोटाले किए और 52 करोड़ का अपने लिए शीशमहल बनवाया। **इनके भ्रष्टाचार की सूची इतनी बड़ी है कि बताते-बताते भाजपा की जीत का विजय जुलूस निकल जाएगा, मगर घोटाले खत्म नहीं होंगे।** हजारों-करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार करने के बाद भी, अरविंद केजरीवाल को सत्ता में वापस आना है। **मगर बड़े मियां नई दिल्ली हारने वाले हैं और छोटे मियां जंगपुरा हारने वाले हैं और दिल्ली में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ जीतेगी।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अब एक और पाप किया है। **केजरीवाल ने झूठा दावा किया कि भाजपा ने दिल्ली की जनता को परेशान करने के लिए हरियाणा से यमुना के पानी में जहर मिलाया है। जो केजरीवाल खुद को हरियाणा का बेटा कहते थे, उन्होंने हरियाणा का अपमान किया है।** केजरीवाल ने यह अपमान इसलिए किया, क्योंकि वे यमुना का जल साफ करने में असफल रहे और अब हरियाणा पर आरोप लगा रहे हैं। **इस पाप के साथ उन्होंने हर उस हरियाणवी का अपमान किया है, चाहे वह दिल्ली में रहता हो या हरियाणा में।** उनके इस झूठ को दिल्ली की जनता भली-भांति जानती है। दिल्ली की जनता को अगले पांच वर्षों में भाजपा की सरकार उनके घरों में पीने योग्य शुद्ध नल का जल उपलब्ध कराएगी। **केजरीवाल जनता में झूठ फैला रहे हैं कि भाजपा आएगी तो गरीब कल्याण की मुफ्त योजनाएं बंद हो जाएंगी। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का वादा है कि दिल्ली में एक भी गरीब जनकल्याण की योजना बंद नहीं होगी। दिल्ली की हर महिला को 2500 रुपये उनके खातों में भेजे जाएंगे, प्रत्येक गर्भवती महिला को 21 हजार रुपये और 6 पोषण किट दिए जाएंगे।**

दिल्ली की महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाया जाएंगा और दिवाली व होली पर एक-एक सिलेंडर मुफ़्त दिया जाएगा। 10 लाख रुपये तक के इलाज को मुफ़्त किया जाएगा। वृद्धजन पेंशन को बढ़ाकर 2500 रुपये और विधवाओं के पेंशन को बढ़ाकर 3000 रुपये किया जाएगा। **हर झुग्गी-झोपड़ी और जेजे क्लस्टर क्षेत्रों को मालिकाना हक दिया जाएगा। जेजे क्लस्टर सेंटर्स में अटल कैंटीन स्थापित कर गरीबों को 5 रुपये में भोजन उपलब्ध करवाया जाएगा।** सभी जरूरतमंद बच्चों को केजी से पीजी तक की शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। **टैक्सी और ऑटो चालकों को 10 लाख रुपये का जीवन बीमा और 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा प्रदान किया जाएगा।** केजरीवाल और आप सरकार द्वारा सील की गई 13 हजार दुकानों को खोला जाएगा। **1947 से दिल्ली आए शरणार्थियों को उनके घरों का मालिकाना हक और सभी गिग वर्करों को जीवन बीमा प्रदान किया जाएगा। 1700 अनधिकृत कॉलोनियों में रह रहे लोगों को मालिकाना हक दिया जाएगा।** हरियाणा की तर्ज पर 50 हजार युवाओं को बिना खर्ची और पर्ची के नौकरी दी जाएगी और 20 लाख नए रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे। हाल ही में **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के मिडल क्लास के लिए 12 लाख रुपये तक की आय पर से टैक्स हटा दिया है, जिसका लाभ दिल्ली सहित पूरे देश को होगा।** अगले चुनाव में वोट मांगने जब भाजपा आएगी, तब नालों और गटर के पानी की निकासी सुनिश्चित हो चुकी होगी। **दिल्ली में जो कूड़े के पहाड़ हैं, उन्हें खत्म कर उससे बिजली बनाई जाएगी और उस स्थान पर एक गार्डन बनाकर दिल्ली की जनता को सौंपा जाएगा। महाभारत टूरिस्ट सर्किट का निर्माण भाजपा करेगी, जिसमें दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश मिलकर पर्यटन को बढ़ावा देंगे।**

श्री शाह ने कहा कि **पिछले 10 वर्षों में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जिन राज्यों में डबल इंजन की सरकार बनी, वे राज्य तेजी से आगे बढ़ गए, मगर दिल्ली पिछड़ गई, क्योंकि अरविंद केजरीवाल और "आप" सरकार सिर्फ झगड़े करते रहे।** हाल ही में **एक जनसभा में अरविंद केजरीवाल अपने 15 वादे गिना रहे थे, तभी एक सरदार जी ने याद दिलाया कि एक 16वां वादा भी है। अरविंद केजरीवाल ने उत्साहित होकर उन्हें मंच पर बुलाया और पूछा कि वह कौन सा वादा है। सरदार जी ने जवाब दिया कि वादा यह है कि बाकी 15 वादे पूरे करने के बजाय कहा जाएगा कि "काम नहीं करने दिया गया और बहाने बनाए जाएंगे।"** 10 साल सत्ता में रहने के बाद भी अरविंद केजरीवाल ने काम करने के बजाय बहाने ही बनाए। **मीडिया के सामने बबुआ जैसा मुंह बनाकर बहाने बनाना और झगड़ा करना, यही इनकी फितरत है।** अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी ने कोई काम नहीं किया है। झूठ कितना भी शातिराना तरीके से बोला जाए, उसकी आयु ज्यादा लंबी नहीं होती है। **पिछले 10 साल में दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल के झूठ को पहचान गई है। दिल्ली को दुनिया की सबसे अच्छी राजधानी बनाने का काम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ही कर सकती है।** श्री शाह ने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथ मजबूत करने और आम आदमी पार्टी के बड़े और छोटे मियां को भारी मतों से हराने का आह्वान करते हुए कहा कि **5 फरवरी को कमल का बटन इतनी ताकत से दबाना है की शीशमहल के शीशे टूट जाए।**

**********************